नवग्रह टाइम्स
08 बुधवार, 16 अक्टूबर - 2024 (गाजियाबाद)

# फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी की भी भागीदारी




**नई दिल्ली ।** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में आयोजित हो रहे दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेले के 75 वें संस्करण में साहित्य अकादेमी भी भाग ले रही है। 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस पुस्तक मेले में दुनिया भर के 130 देशों के 17,000 से अधिक प्रकाशक, पुस्तक एजेंट, लेखक और अन्य अधिकारी आदि भाग ले रहे हैं। इंडियन पेवेलियन में भारत के 30 से ज्यादा सरकारी और निजी प्रकाशकों के स्टॉल लगे हैं। यह पुस्तक मेला पुस्तक बेचने से ज्यादा पुस्तकों के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में अनुवादों और कॉपीराइट अधिकारों की खरीद फरोख्त के लिए जाना जाता है।

साहित्य अकादेमी ने अपने स्टाल पर अपने यहाँ से प्रकाशित 100 से अधिक पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं जिससे उनके अनुवाद अनेक विदेशी भाषाओं में शीघ्र और बिना किसी अड़चन के प्रकाशित हो सकें। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्य अकादेमी ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखकों की कुछ पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं जिनमें बाल साहित्य भी शामिल है । आगे उन्होंने बताया कि इस बार साहित्य अकादेमी वहाँ तीन कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है, जिनमें 16 अक्टूबर को पैनल चर्चा ३लिटरेरी हेरिटेज ऑफ इंडिया३ और लेखक से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत प्रख्यात मराठी लेखक विश्वास पाटिल से बातचीत होगी। पैनल चर्चा में आईसीएसएसआर के सदस्य सचिव धनंजय सिंह भी शामिल रहेंगे। 17 अक्टूबर को प्रख्यात हिंदी कवि बद्री नारायण के साथ लेखक से भेंट कार्यक्रम आयोजित होगा।

ज्ञात हो कि साहित्य अकादेमी पिछले कुछ वर्षों से लगातार इस मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।